तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 9 मई 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]


4 टेक्निकल कर्मी ऑफिस में, उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा हर्जाना




## खबर संक्षेप

### व्यापम की परीक्षाओं की तारीखों में किया गया बदलाव

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न प्रवेश एवं पात्रता परिक्षाओं की परीक्षा तिथियों में संशोधन किया गया है। जानकारी के अनुसार अन्य केन्द्र स्तरीय परीक्षाओं की तिथि घोषित होने के परिणाम स्वरूप पीएटी, पीव्हीपीटी, बीएससी (कृषि), बीएससी (उद्यानिकी), पशुपालन में डिप्लोमा और मतस्यिकी विज्ञान में डिप्लोमा, प्रीबीएबीएड और प्री बीएससी बीएड की परीक्षाएं अब 9 जून को होगी। पूर्व में इन परीक्षाओं के लिए 16 जून की तिथि निर्धारित की गई थी। इसी प्रकार बी.एससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक नर्सिंग एवं एमएससी नर्सिंग की परीक्षा 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी। पूर्व में इन परीक्षाओं के लिए 7 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई थी। पीईटी, प्रीएमसीए एवं पीपीएचटी की परीक्षा 13 जून को होगी। पीपीटी, टीईटी पात्रता परीक्षा 23 जून को और प्रीबीएड और प्रीडीएलएड की परीक्षा 30 जून को होगी।

### ब्रम्ह वाटिका में परशुराम प्राकट्य उत्सव कल

**कोरबा।** सर्वब्राम्हण समाज कोरबा में अक्षय तृतीया पर आयोजन कर रहा है। भगवान नारायण के छठवें अवतार और सनातन धर्म के संवाहक ब्राम्हण कुलभूषण भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव वैशाख शुक्ल तृतीया की संध्या 5 बजे ब्रम्ह वाटिका, पंचमुखी हनुमान मंदिर परशुराम मार्ग पर किया जाएगा। समाज के द्वारा इस अवसर पर भगवान परशुराम के चित्र की पूजा अर्चना की जाएगी। ब्राम्हण समाज ने सर्व सम्बंधित को कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

### तेज आंधी और पानी ने ले ली युवक की जान

**कोरबा।** 7 मई की शाम अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज आंधी चलने लगी। थोड़ी देर बाद आंधी के साथ बारिश भी शुरू हो गई। इस अचानक आयी अंधड़ व बारिश ने प्रभावित क्षेत्र का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। इसी बीच पसान थाना क्षेत्र के ग्राम दिनपुरी निवासी 18 वर्षीय अवधेश सिंह गोड अपने घर कोरबी वापस आते समय सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया जिससे अवधेश की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### स्कूल शिक्षा विभाग ने बच्चों के लिए जारी किया टोल फ्री नंबर

**कोरबा।** बोर्ड परीक्षा के परिणाम से विद्यार्थियों को होने वाले तनाव को दूर करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने नई पहल की है। स्कूल शिक्षा विभाग इसके लिए पेरेंट्स टीचर मीटिंग आयोजित करने जा रहा है। विद्यार्थियों को तनाव से उबरने के परामर्श के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने टोल फ्री नंबर भी जारी किया है। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव ने इसके निर्देश जारी किए है। राज्य सरकार द्वारा पालक-शिक्षक बैठक समय समय पर लिए जाने के लिए प्राथमिकता तय की है। आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जारी किए जाने है। परिणाम आने के बाद अपेक्षा अनुरूप परिणाम नहीं होने पर तनाव में आकर गलत कदम उठा लेते है। परीक्षा परिणामों को लेकर कई बार पालकों में भी नकारात्मक भूमिका सामने आई है। इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि छात्रों तथा पालकों को जागरूक करने हेतु दक्षता विकास प्रशिक्षण मीटिंग आयोजित किया जाए ताकि किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सार्थक प्रयास किया जा सके। इस मीटिंग में माता-पिता तक यह बात पहुंचाई जाएगी कि परीक्षा परिणाम आशाअनुरूप नहीं होना जीवन का कोई अंतिम परिणाम नहीं है।

# बालको वन परिक्षेत्र में 70 एकड़ वन भूमि में रोपे जाएंगे कोमल बांस के पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

हाथियों का मन पसंद चारा कोमल बांस हैं। इसकी समृद्धि के लिए वन विभाग ने सीमांकन कार्य शुरू कर दिया है। बिगड़े बांस के वन को सुधारने के लिए के लिए आरडीबीएफ (रिहैब्लिटेशन आफ डिग्रेटेड बंबू फारेस्ट) योजना के तहत अकेले बालको वन परिक्षेत्र में 70 एकड़ वन परिक्षेत्र को चिन्हांकित किया गया है। जहां पौधों का अस्तित्व खत्म हो गया है वहां नए पौधे रोपे जाएंगे। जिन स्थलों पौधों की संख्या कम है वहां रोपणी को विस्तार देने के लिए मिट्टी की घेराबंदी की जाएगी।

कोरबा व कटघोरा वन मंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्रों में विगत दस वर्षों के अंतगराल में हाथियों की संख्या सात से बढ़कर अस्सी हो चुकी है। लगातार बढ़ रही हाथी की संख्या वन क्षेत्र के आसपास उत्पात भी बढ़ दिया है। जाहिर सी बात है संख्या बढ़ने चारा की आवश्यकता बढ़ गई है। इसी समस्या को दूर करने की दिशा में कंटीले बांस के वनों को फिर से समृद्ध करने की दिशा में कोरबा वन मंडल ने काम शुरू कर दिया है। कंटीली बांस का संरक्षण भी हाथियों को एक ही स्थान में लंबे समय तक रोकने में कारगर होगी। तीन चरण में होने वाले कार्य के लिए अकेले बालको वन परिक्षेत्र में 8 लाख रूपए खर्च किया जाएगा। प्रथम चरण में ऐसे स्थलों को चिन्हांकन किया जा रहा है जहां बांस बहुतायत मात्रा में पाए जाते हैं। दूसरे चरण बांस के रोपणी के चारों ओर गड्ढा किया जाएगा ताकि वर्षा जल का ठहराव हो। इस प्रक्रिया से बांस पौधों की की जड़ें मजबूत होगी। तीसर चरण में जिन स्थनों में नई रोपणी की जरूरत होगी वहां वर्षा के दौरान बांस के नए पौधे रोपे जाएंगे। इसके लिए उन स्थानों को चिन्हांकित किया रहा जहां वर्ष भर पानी हो। बांस का संरक्षण से हाथियों का चारा समृद्ध होगा। डेढ़ माह बाद मानसून का दौर शुरू हो जाएगा। इस के पहले ही प्रथम चरण व दूसरे चरण की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। चारा और पानी पर्याप्त जंगल में मिलेगा तो हाथी गांव की ओर रूख नहीं करेंगे। हाथी मानव द्वंद्व जिले में सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। ⏭ शेष पेज 3 पर

## रिहैब्लिटेशन ऑफ बंबू फारेस्ट के तहत होंगे कार्य



### औषधीय पौधों का भी होगा संरक्षण

विभागीय अधिकारियों की माने तो जिस स्थान में बांस के पौधे पनपते हैं वहां औषधीय प्रजाति के पौधे कालमेघ, दहीमन, बहेड़ा, कुटकी आदि के पौधे बहुतायत मात्रा में पाए जाते हैं। जंगल में पाए जाने वाले इन पौधों के फल व पत्ते झड़ने के बाद बेहतर खाद में परिवर्तित होकर अन्य वन्य पौधो के संवर्धन के लिए कारगर होते हैं। बांस पौधे के संरक्षण से औषधीय प्रजाति के पौधों को भी संरक्षण मिलेगा। वनोपज संग्रहण से जुड़े वनवासी समुदाय औषधीय उत्पाद की बिक्री से समृद्ध होंगे।

## सभी बूथ में लगी रही महिलाओं की लंबी कतार

# मतदान में नजर आया महतारी वंदन का अभिनंदन, महिलाओं में दिखा उत्साह




मतदान के लिए महिलाओं की लगी रही लंबी कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव के लिए सभी मतदान केंद्रों में महिलाओं में मतदान के प्रति उत्साह नजर आया। मतदान केंद्रों में महिलाओं की दिखी लंबी कतार, महतारी वंदन का अभिनंदन करते नजर आ रही थी। लोकसभा की सभी 8 विधानसभा के मतदान केंद्र में वोट डालने के लिए महिलाओं में जबरजस्त उत्साह देखा गया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक मतदान केंद्रों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक नजर आ रही थी।

मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए लोकसभा के सभी 8 विधानसभा के 2023 मतदान केंद्रों में वोट डालने के लिए पहुंचे लोगों में महिलाएं ज्यादा नजर आई। कई ऐसे मतदान केंद्र थे जहां पुरुषों की तुलना में महिलाओं की कतार लंबी नजर आई। मतदान के प्रति महिलाओं में दिखा उत्साह मतदान के बढ़ते प्रतिशत को जाहिर कर रहा था। नए युवा मतदाता के साथ बुजुर्ग महिलाएं भी मतदान करने तप्ती दोपहरी में वोट डालने पहुंची थी। कुछ मतदान केंद्रों में पेड़ की छांव में बैठी महिलाएं अपनी बारी का इंतजार करते नजर आई। होम वोटिंग से वंचित रहने वाली बुजुर्ग महिलाएं भी व्हीलचेयर के सहारे मतदान केंद्र पहुंची थी। निर्वाचन विभाग के आंकड़े के अनुसार जिले के रामपुर और पाली तानाखार में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। सर्वाधिक मतदान का प्रतिशत भरतपुर सोनहत में दर्ज किया गया तो वहीं सबसे कम कोरबा विधानसभा में दर्ज हुआ। मतदान के लिए महिलाएं सुबह से ही कतारबद्ध खड़ी थीं। सर्वाधिक संख्या में पहुंची महिलाओं को देखकर मतदान के प्रति उनका उत्साह नजर आ रहा था। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक लोकसभा के सभी बूथों में महिलाओं की संख्या सर्वाधिक देखी गई। वोट को लेकर उनमें देखा गया उत्साह इस बात का प्रतिक था कि महिलाएं मतदान के प्रति जागरुक हो चली हैं।

### खास बात

- देर रात तक जारी रहा मतदान दल के लौटने का सिलसिला

### मतदान होते ही कर्मचारियों को मिल गया मानदेय

जिले में मतदान कराने वाले मतदान दलों को मतदान के दूसरे दिन ही मानदेय का भुगतान उनके बैंक खाते में कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने इस संबंध में पूर्व से ही निर्देशित किया था कि मतदान कराकर लौटने के पश्चात मतदान दलों को मानदेय का भुगतान अगले दिन किया जाए। मतदान दल में शामिल रामपुर विधानसभा के 1106, कोरबा विधानसभा के 1028, पाली-तानाखार विधानसभा के 1219, कुल 3353 पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1, मतदान अधिकारी 2 और मतदान अधिकारी 3 के बैंक खाते में 8 मई को मानदेय की राशि हस्तांतरित कर दी गई है। जिले के अधिकारी-कर्मचारी जिनकी ड्यूटी मरवाही विधानसभा क्षेत्र में लगी थी, उन मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी मांगी गई है। एक-दो दिन के भीतर इन मतदान दलों के खातों में राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी।

### लोकसभा में 75.31 प्रतिशत मतदान

| विधानसभा | पुरुष | महिला | अन्य | प्रतिशत पुरुष | महिला | कुल प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 कटघोरा | 81554 | 80418 | 01 | 74.74 | 74.57 | 74.65 |
| 0 कोरबा | 83234 | 82411 | 00 | 63.34 | 63 | 63.16 |
| 0 पाली तानाखार | 91918 | 93093 | 03 | 79.76 | 79.25 | 79.5 |
| 0 रामपुर | 86405 | 88661 | 00 | 78.41 | 77.32 | 77.8 |
| 0 बैकुंठपुर | 85132 | 85639 | 06 | 81.41 | 78.93 | 79.16 |
| 0 भरतपुर सोनहत | 70219 | 71946 | 00 | 80.07 | 79.74 | 82 |
| 0 मनेंद्रगढ़ | 46218 | 45647 | 00 | 67.79 | 67.87 | 71.02 |
| 0 मरवाही | 76234 | 79381 | 02 | 78.95 | 78.03 | 78.62 |

### ईवीएम मशीनें स्ट्रांग रूम में जमा, की गई सील



जिले की चारों विधानसभाओं के सभी मतदान केंद्रों से मतदान दलों की सुरक्षित वापसी हो गई है। मतदान दलों के आईटी कॉलेज पहुंचने के बाद ईवीएम मशीनों को जमा करने, विभिन्न प्रपत्रों एवं जानकारियों का मिलान करने के बाद सील बंद मशीनों को चारों विधानसभावार स्ट्रांग रूम में रखा गया है। कटघोरा एवं पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम को भी कटघोरा के शासकीय मुकुटधर कॉलेज से आईटी कॉलेज लाया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष स्ट्रांग रूम में सभी मशीनों को रखकर स्ट्रांग रूम सील किया गया। अब यह स्ट्रांग रूम 4 जून को मतगणना के दिन ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में खोले जाएंगे। स्ट्रांग रूमों में रखी गई ईवीएम मशीनों की चाक-चौबंद सुरक्षा की व्यवस्था की गई है।

## देवी दर्शन....



कोरबा। लोकसभा कोरबा की भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय ने चुनाव में मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद बुधवार को अपने समर्थकों के साथ माँ माड़वारानी मंदिर पहुँचकर माता का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने देश, प्रदेश सहित कोरबा लोकसभा क्षेत्र की उन्नति एवं नागरिकों की सुख समृद्धि की मातारानी से कामना की।

# आज घोषित होंगे बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं, 12वीं बोर्ड सीजी बोर्ड रिजल्ट 2024 के नतीजों को लेकर परीक्षार्थियों की उत्सुकता अब खत्म होने वाली है। नतीजों की उल्टी गिनती शुरू होने वाली है। माध्यमिक शिक्षा मंडल गुरुवार की दोपहर 12.30 बजे नतीजों की घोषणा करेगा।

उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक पखवाड़े पहले पूरा हो गया था लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता के कारण नतीजे घोषित नहीं किए जा सके थे लेकिन मतदान का काम पूरा हो चुका है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल अगले एक-दो दिनों के भीतर कक्षा 10वीं और 12वीं का सीजी बोर्ड रिजल्ट गुरुवार को जारी हो जाएगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने रिजल्ट जारी करने की अनुमति के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल को पत्र भेजा था। मतदान के बाद माशिमं से अनुमति भी मिल गई है। बहरहाल, मतदान तो हो चुका है लेकिन आचार संहिता लागू है। लोकसभा चुनाव वाले साल को छोड़कर बाकी सालों में स्कूल शिक्षा मंत्री ही नतीजों की घोषणा करते हैं लेकिन इस बार माशिमं की अध्यक्ष रेणु पिल्लई सीजी बोर्ड रिजल्ट के नतीजे घोषित करेंगी। माशिमं की सचिव पुष्पा साहू ने बताया कि रिजल्ट घोषित करने की पूरी तैयारियां कर ली गई हैं और गुरुवार को 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे घोषित किए जाएंगे। सीजी बोर्ड के 10वीं ⏭ शेष पेज 3 पर

# घर में लगी आग, हजारों का माल जल कर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




मंगलवार की दोपहर 4 बजे अचानक हुए मौसम में बदलाव के साथ तेज आंधी व बारिश होने लगी। हाई वोल्टेज के कारण एक मकान के किचन में शॉर्ट सर्किट हो गया। जिसके कारण किचन में रखे फ्रिज के साथ सारा सामान जलकर खाक हो गया। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि आग अन्य कमरों तक नहीं फैली। घटना डिंगापुर स्थित पुष्प पल्लव बिल्डिंग के सेकण्ड फ्लोर के 104 नंबर मकान में घटी। शाम के वक्त जिस समय आग लगी उस वक्त घर के अंदर कोई नहीं था अन्यथा बड़ी घटना घटित हो सकती थी। घर के मालिक जे पी खरे ने बताया कि जिस वक्त घर में आग लगी वो चुनाव ड्यूटी पर गए थे और उनके बच्चे घर पर नहीं थे। आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी है। घर के अंदर धुंआ भर गया था। काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग

परसाभाठा बालकोनगर नवधा पंडाल के पास मुख्य मार्ग पर ट्रांसफार्मर में आग लगने से अफरा तफरी स्थिति निर्मित हो गई। मुख्य मार्ग पर आग लगने की जानकारी होने पर लोगों की भारी पेड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। जिसके बाद दमकल विभाग की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# अनियंत्रित कार पलटी, जा गिरी खेत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



तेज रफ्तार और नशा कर वाहन चलाना लगातार लोगों की जान ले रहा है। आये दिन कही न कही दुर्घटना में लोगों की जान जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार की दोपहर लगभग बजे दीपका की ओर से आ रही तेज रफ्तार ग्लेंजा कार सीजी 12 बीबी 6802 कुचेना एनटीपीसी पुल से ठीक पहले बंटी होटल के पास अनियंत्रित होकर सड़क से उतर कर कई बार पलटते हुए खेत में जा पहुंची। इस हादसे में कार सवार राहुल अग्रवाल और एक अन्य को गंभीर चोट लगी है, घटना की सूचना पर कुसमुंडा पुलिस मौके पर पंहुची, घायलों को नजदीक अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया जहां उनका उपचार जारी है।

## 4 फीसदी की बढ़ोत्तरी के साथ प्रदेश के सरकारी कोष में जमा किए 5883 करोड़ रुपए

# एसईसीएल ने सरकारी कोष में जमा किए रिकॉर्ड 17 हजार 474 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनियों में शामिल एसईसीएल ने बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में सरकारी कोष में रिकॉर्ड 17 हजार 474 करोड़ रुपए का योगदान दिया है। वित्त-वर्ष 2023-24 के कुल योगदान में विभिन्न करों के माध्यम से एसईसीएल ने छत्तीसगढ़ के सरकारी कोष में लगभग 5 हजार 883 करोड़ रुपए जमा किए हैं। छत्तीसगढ़ के सरकारी खजाने में एसईसीएल के योगदान में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 4 फीसदी (220 करोड़ रुपए) से अधिक की वृद्धि देखी गयी है।

एसईसीएल द्वारा की जाने वाली कोयले की बिक्री पर केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न टैक्स लगाए जाते हैं जिनमें आयकर सहित रॉयल्टी, जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ़), जीएसटी, आदि शामिल हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के सरकारी खजाने में दिए गए कुल योगदान में रॉयल्टी के रूप में लगभग 2 हजार 843 करोड़ रुपए, जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ़) को लगभग 874 करोड़, जीएसटी के रूप में 386 करोड़ रुपए एवं अन्य करों के माध्यम से 1 हजार 778 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। खनिज सम्पन्न छत्तीसगढ़ राज्य में काम करने विभिन्न सरकारी एवं निजी कंपनियों द्वारा सरकारी खजाने में किया जाने वाला योगदान राज्य की प्रमुख आय स्त्रोतों में से एक है और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न समाज कल्याणकारी योजनाओं एवं राज्य में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा आदि से जुड़ी अधोसंरचनाओं के विकास में यह योगदान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीते वित्तीय वर्ष में एसईसीएल द्वारा केंद्र सरकार के खजाने में 10 हजार करोड़ से अधिक रुपए जमा किए गए जिसमें 7 हजार 600 करोड़ से अधिक का जीएसटी भुगतान शामिल रहा। साथ ही विभिन्न करों के माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार को लगभग 1 हजार 472 करोड़ का भुगतान किया गया। पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2023-24 में एसईसीएल का आयकर भुगतान भी लगभग दोगुना हुआ।

# निदेशक तकनीक ने कुसमुंडा खदान का किया निरीक्षण



खदान का निरीक्षण करते एसईसीएल के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के निदेशक तकनीक फ्रैंकलिन जयकुमार पिछले दो दिनों से कोरबा प्रवास पर हैं। इस दौरान निदेशक तकनीक ने कुसमुण्डा खदान का निरीक्षण कर कोयला उत्पादन व उत्पादकता की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को मासिक लक्ष्य प्राप्ति पर जोर देने का निर्देश दिया है।

निदेशक तकनीकी (परियोजना) फ्रैंकलिन जयकुमार 7 मई को कुसमुंडा ⏭ शेष पेज 3 पर

8 korba-Bhoomi pg2_Layout 1 5/8/2024 11:24 PM Page 1





# हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री ...

**नई दिल्ली।** हाउसफुल सबसे लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी में से एक है। जब से इसकी पांचवीं किस्त की घोषणा हुई है, दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मूवी लवर्स के लिए एक और अच्छी खबर है। फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। फिल्म में अक्षय कुमार, अनिल कपूर, नाना पाटेकर, रितेश देशमुख और चंकी पांडे मुख्य भूमिका में हैं। अब अभिषेक बच्चन अपनी शानदार कॉमेडी टाइमिंग के साथ बोर्ड पर आ रहे हैं। ऐसे में लोग फिल्म से और भी अधिक हंसी और मनोरंजन की उम्मीद कर सकते हैं। इसकी शूटिंग अगस्त 2024 में यूके में शुरू होगी।

लाइफStyle

# सुष्मिता दुल्हन बन रैंप पर छाईं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

बॉम्बे फैशन वीक में एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने डिजाइनर रोहित वर्मा की कलेक्शन को रैंप पर उतारा। गोल्डन कलर के लहंगे में रनवे पर चलते हुए सुष्मिता बेहद खूबसूरत लग रही थीं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को कलीरों और फूलों से कंप्लीट किया, साथ ही उन्होंने बड़े करीने से बंधे जूड़े को भी सजा रखा था। डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

एक्ट्रेस ने कहा, 'आज के समय में दुनिया में समावेशी होना की बहुत जरूरत है। इसलिए मैं सौभाग्यशाली महसूस करती हूं कि उन्होंने न केवल मुझे तैयार किया, बल्कि मेरी आत्मा को भी तैयार किया और मुझे एकता, सद्भाव और अच्छाई का जश्न मनाने का मौका दिया।'

वहीं, रोहित वर्मा ने शेयर किया कि उनका पूरा कलेक्शन प्यार का जश्न मनाने के इर्द-गिर्द घूमता है। एक्ट्रेस के रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



## हॉलीवुड मसाला



# कान्स महोत्सव में हड़ताल का साया

**लॉस एंजिलिस।** 'कान्स फिल्म महोत्सव' फिल्मों के प्रीमियर और स्टार्स के लुक्स के अलावा अपने विवादों की वजह से सुर्खियां बटोरता आया है। इस साल भी समारोह के शुरू होने से पहले ही खबर आ रही है कि 'कान्स फिल्म महोत्सव' के कर्मचारी समारोह के दौरान हड़ताल कर सकते हैं।' यह विरोध वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर किया जाने वाला है। 'कान्स फिल्म महोत्सव 2024' में 200 से अधिक फ्रांसीसी कर्मचारी हड़ताल पर जाने की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म महोत्सव के कार्यकर्ता और कान श्रमिकों ने वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन का मन बनाया है।



# एडम ड्राइवर के किरदार से उठा पर्दा

**लॉस एंजिलिस।** महान निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की लंबे समय से प्रतीक्षित जुनूनी परियोजना 'मेगालोपोलिस' एक बार फिर सुर्खियों में हैं। आखिरकार निर्माताओं ने एडम ड्राइवर की पहली झलक जारी करके दर्शकों को इसके दृष्टिकोण की एक झलक दे दी है। हाल ही में जारी किए गए टीजर में एडम ड्राइवर के किरदार सीजर नामक एक वास्तुकार को दिखाया गया है, जो एक गगनचुंबी इमारत के किनारे पर एक अनिश्चित स्थिति में खड़ा है। यह उच्च जोखिम वाला दृश्य फिल्म के भव्य पैमाने और नाटकीय तनाव के लिए माहौल तैयार करता है। 'मेगालोपोलिस' दशकों से विकास में है, और कोपोला ने महत्वाकांक्षी परियोजना को स्व-वित्तपोषित किया है।



# सुपरस्टार से शादी करके कॅरियर हुआ खत्म

**नई दिल्ली।** किसी एक्ट्रेस की पहली ही फिल्म सुपर-डुपर हिट हो जाए तो वो भूलकर भी शादी नहीं करती और अगर शादी हो जाए तो ये गलती कभी नहीं करतीं कि वो प्रेग्नेंट हो जाए। लेकिन डिंपल कपाड़िया ने करियर की पीक पर पहुंच कर मां बनने का जोखिम उठाया। सुपर स्टार राजेश खन्ना से शादी भी रचा डाली, लेकिन फिर जल्दी ही तलाक भी हो गया। इसने प्रेग्नेंट होने का फैसला तब किया जब ये पहली ही फिल्म बॉबी के बाद एक बड़ी स्टार बन गई थीं और उनके घर के बाहर निर्माता निर्देशकों की कतार लग रही थी। बॉबी फिल्म के रिलीज होने के पहले ही डिंपल राजेश खन्ना के प्यार में पड़ीं और शादी भी कर ली। इतना ही नहीं, शादी होते ही डिंपल कपाड़िया ने फिल्मी दुनिया भी छोड़ दी।



# करण से कॉमेडियन ने मांगी माफी...

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता करण जौहर ने एक टीवी शो के प्रोमो पर निराशा व्यक्त करते हुए रविवार रात एक इंस्टाग्राम पोस्ट किया। करण ने कहा कि उन्होंने एक कॉमेडियन को अभद्र तरीके से उनकी नकल करते हुए देखा, लेकिन उन्होंने शो, कॉमेडियन या चैनल का नाम नहीं लिया। हालांकि, करणका पोस्ट देखने के बाद तमाम लोगों को संदेह था कि करण केतन सिंह स्टारर फिल्म 'मैडनेस मचाएंगे' के प्रोमो के बारे में बात कर रहे थे। लिहाजा करण की आलोचना पर अब कॉमेडियन ने जवाब दिया है और विनम्रतापूर्वक माफी भी मांगी है। केतन ने एक इंटरव्यू में कहा कि उनका इरादा कभी भी करण को ठेस पहुंचाना नहीं था, 'मैं करण सर से माफी मांगना चाहूंगा।' मैं कॉफी शो में करण जौहर को बहुत देखता हूं। मैं उनके काम का फैन हूं। म

## टीवी मसाला

# बाल हनुमान' बोले-अब मैं भी शरारती

**नई दिल्ली।** बाल कलाकार दर्श अग्रवाल शो 'कर्माधिकारी शनिदेव' में बाल हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें बाल रूप हनुमान की शरारतें हमेशा आकर्षित करती हैं। बाल हनुमान के रूप में दर्श अग्रवाल की एंट्री के साथ, यह शो शनिदेव और हनुमान के बीच आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए एक नए आयाम की खोज करने के लिए तैयार है। दर्श अग्रवाल ने बातचीत में कहा, 'मेरे दादा-दादी मुझे हमेशा बाल हनुमान, श्री कृष्ण और बाल गणेश की कहानियां सुनाते थे। भगवान हनुमान के बाल रूप की शरारतें मुझे हमेशा आकर्षित करती थीं और अब मैं भी शरारती हो गया हूं। मैं अपने दोस्तों और परिवार को मुझे यह किरदार निभाते हुए देखने का और इंतजार नहीं कर सकता।' शो की कहानी शनिदेव पर आधारित है, जिसे भगवान हनुमान नारद मुनी को सुनाते हैं और बताते हैं कि कैसे शनिदेव को 'कर्माधिकारी'कहा जाता है।



## फिर शुरू होगा 'देख भाई देख'

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शेखर सुमन इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्होंने फरीदा जलाल से मुलाकात की और उनकी सेहत के बारे में पूछा। साथ ही शेखर ने कहा कि वो जब भी वह 'देख भाई देख' के किसी अभिनेता से मिलते हैं, तो वो पुरानी यादों में खो जाते हैं। उन्हें याद आता है कि वो कैसे वो एक परिवार बन गया था। शेखर सुमन ने आगे कहा, 'उन्होंने प्रीमियर में फरीदा जलाल से बात की और उन्हें बताया कि अभी फाइनल नहीं है, लेकिन शायद 'देख भाई देख' का दूसरा पार्ट जल्द ही फिर से आएगा।' उन्होंने फरीदा जलाल से कहा कि इस शो में वो जरूर रहेंगी। खास बात ये है कि शो में काम करने के लिए फरीदा जलाल ने हां भी कर दिया है। शेखर ने बताया कि वो पूरी कोशिश कर रहे हैं कि ये शो जल्द शुरू हो। उन्होंने कहा कि एक प्रोडक्शन हाउस से बातचीत चल रही है और अगर सब कुछ ठीक रहा तो लोगों को जल्द ही शो देखने को मिलेगा। 'देख भाई देख' का एक वक्त हर कोई फैन था।



# दुश्मनी भुलाकर राजकपूर की आखिरी बर्थडे पार्टी में पहुंचे थे राजकुमार...

*मुंबई। दिग्गज निर्माता-निर्देशक राज कपूर ने साल 1987 में अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। राज का आखिरी बर्थडे बहुत धूमधाम से सेलिब्रेट किया गया था। इस पार्टी में बड़े-बड़े सितारों ने शिरकत की थी। इसमें राज कुमार भी आए थे। 37 साल पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। क्लिप में रणबीर कपूर और करीना कपूर भी नजर आए। राज कपूर सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेता, निर्माता और निर्देशक रहे हैं। उन्होंने अपने अभिनय से दुनियाभर में पहचान हासिल की, फिर निर्देशन और निर्माण के जरिए कई कलाकारों को सुपरस्टार बनाया। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनसे जुड़े किस्से या पुराने वीडियो और तस्वीरें अक्सर वायरल होती रहती हैं। राज कपूर ने 2 जून 1988 में हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। इससे पहले 14 दिसंबर 1987 को राज कपूर ने अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। उनके जन्मदिन के जश्न में बॉलीवुड के कई नामी सितारे भी आये थे। सालों बाद वायरल हो रहे वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे सितारों ने जश्न को एन्जॉय किया। लाल जैकेट, व्हाइट शर्ट और पैंट में राज कपूर बैठे हुए हैं और सभी मेहमान उनसे मिलकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। ऋषि कपूर ने अपने पिता को गले लगकर और पैर छूकर जन्मदिन की बधाई दी। फिर शशि कपूर ने भी भैया के पैर छूकर और गले लगाया बधाई दी। रणधीर कपूर भी मेहमानों के साथ गपशप करते दिखे। एक जगह दिग्गज अभिनेता राज कुमार को राजकपूर के माथे को चूमते हुए देखा गया। उनकी दोस्ती और दुश्मनी खूब चर्चा में रही है। दोनों के बीच साल 1969 में लड़ाई हो गई थी। इसके अलावा जितेंद्र, अनिल कपूर, कबीर बेदी, मंदाकिनी, जैकी श्रॉफ, शत्रुघ्न सिन्हा, रेखा और विनोद मेहरा समेत कई सितारों ने जन्मदिन के जश्न में रौनक बढ़ाई थी।*



# आसिम रियाज को फिर हुआ प्यार

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' फेम आसिम रियाज और हिमांशी खुराना ने पिछले साल अपने ब्रेकअप का ऐलान किया था। कपल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में खुलासा किया था कि अलग-अलग धर्म से ताल्लुक रखने के चलते कपल ने अपनी राहें अलग कर ली। हिमांशी खुराना से ब्रेकअप को 5 महीने ही हुए थे कि अब आसिम रियाज के सोशल मीडिया पोस्ट को देखते हुए उनके फैंस कयास लगा रहे हैं कि शायद उनकी जिंदगी में प्यार ने दोबारा दस्तक दे दी है। हाल ही में 'बिग बॉस 13' के कंटेस्टेंट आसिम रियाज ने अपने सोशल मीडिया पर मिस्ट्री गर्ल संग एक फोटो साझा की है। इस फोटो को शेयर करते हुए एक्टर लिखते हैं, 'जिंदगी चलती रहती है। एक्टर की इस फोटो पर कमेंट करते हुए एक फैन लिखते हैं, 'जो भी हो बस दोनों एक-दूसरे के लिए बेस्ट हो और इस बार बस दोनों की शादी की खबर आएं। वहीं और एक फैन लिखते हैं, 'बहुत बहुत मुबारक हो आसिम आपके लिए बहुत खुश हूं।'




## आशुतोष राणा और विजय राज के साथ चलेगा पृथ्वीराज का जादू

# ओटीटी पर इस हफ्ते लगेगा क्राइम-मिस्ट्री का तड़का

*नई दिल्ली। ओटीटी पर इस हफ्ते क्राइम-मिस्ट्री का तड़का लगेगा। कई लोग सिनेमाघरों में बैठकर फिल्मों का मजा नहीं ले पाते हैं। वे घर बैठे ही रोमांचक शो और फिल्में देखना पसंद करते हैं। दर्शकों के लिए मई का दूसरा हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने वाली हैं।*

**आवेशम :** 'आवेशम' 2024 की मलयालम एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन जीतू माधवन ने किया है। यह नाजरिया नाजिम और अनवर रशीद द्वारा निर्मित है। 'आवेशम' तीन किशोरों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बेंगलुरु आते हैं और झगड़े के बाद एक स्थानीय गैंगस्टर से दोस्ती करते हैं। इसमें फहद फासिल, मिथुन जय शंकर और रोशन शनावास मुख्य भूमिकाओं में हैं और अन्य सहायक भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत सुशीन श्याम का है, जबकि समीर ताहिर ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है और विवेक हर्षन ने संपादन किया है। 'आवेशम' 9 मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करेगा।






**रत्नम :** 'रत्नम' हरि द्वारा निर्देशित 2024 की तमिल एक्शन फिल्म है, जो स्टोन बेंच फिल्म्स, जी स्टूडियोज और इनवेनियो ओरिजिन द्वारा निर्मित है। इसमें विशाल मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ प्रिया भवानी शंकर, रामचंद्र राजू और अन्य प्रमुख भूमिका में हैं। यह फिल्म 'थमीराभरानी' और 'पूजाई' के बाद विशाल और निर्देशक हरि के बीच तीसरे सहयोग का प्रतीक है। रत्नम कथित तौर पर इस सप्ताह अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए तैयार है।

**8 एएम मेट्रो :** '8 एएम मेट्रो' एक पुरुष और एक महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रेलवे प्लेटफॉर्म पर मिलने के बाद दोस्त बन जाते हैं। फिल्म में गुलशन देवैया और सैयामी खेर मुख्य भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 10 मई को जी5 पर रिलीज होगी।



**आडुजीविथम - द गोट लाइफ :** 'आडुजीविथम - द गोट लाइफ' 2024 का मलयालम सर्वाइवल ड्रामा है, जो ब्लेसी द्वारा निर्देशित और सह-निर्मित है। यह बेन्यामिन के 2008 के उपन्यास 'आडुजीविथम' पर आधारित है, जो सऊदी अरब में चरवाहे के रूप में गुलाम बनाए गए एक मलयाली श्रमिक नजीब की सच्ची कहानी से प्रेरित है। यह फिल्म भारत-अमेरिका सहयोग से बनाई गई है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन, जिमी जीन-लुई और केआर गोकुल हैं, जबकि तालिब अल बलुशी, रिक एबी, अमला पॉल और शोभा मोहन की सहायक भूमिकाएं हैं। यह उपन्यास के प्रतिबंध के समान संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर सभी खलीजी देशों में प्रतिबंधित है। 10 मई से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 'आडुजीविथम' स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।



## खबर संक्षेप



### नक्सल क्षेत्र शांतिपूर्ण चुनाव कराने वाले जवानों का सम्मान

**अम्बिकापुर।** विधानसभा चुनाव में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने वाले सुरक्षा जवानों को बलरामपुर पुलिस विभाग द्वारा सम्मानित करने के साथ ही विदाई दी गई। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में जवानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के साथ ही उन्हें मिठाई देकर ससम्मान गंतव्य की ओर रवाना किया गया। खास बात यह है कि पुलिस की सक्रियता के कारण बलरामपुर जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र चुनचुना पुंदाग व सबाग में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ और मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि आई है। बता दें कि लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सीआरपीएफ, जिला बल, बीएसएफ के जवानों की तैनाती की गई थी। बलरामपुर जिले की बात की जाए तो यहां जिले में 150 ऐसे पोलिंग बूथ थे जिन्हे नक्सल दृष्टि से अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखा गया था। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर जवानों को तैनात करने के साथ ही सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। पहली बार लोकसभा चुनाव में बलरामपुर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मतदान दल सड़क मार्ग से रवाना हुए थे। इस दौरान तीन अति नक्सल संवेदनशील मतदान केंद्रों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी गई और एंटी लैंड माइंस व सुरक्षा व्यवस्था के सात जवानों को तैनात किया गया था।

### मतदान की गोपनीयता भंग करने पर युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान की गोपनीयता भंग करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। युवक द्वारा मतदान उपरान्त अपने दिए गए वोट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने के मामले में युवक को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि सीतापुर थाना अंतर्गत मतदान क्रमांक 196 में मतदाता दिलेश तिग्गा मतदान करने के लिए पहुंचा था। वोटिंग के बाद युवक द्वारा मतदान की गोपनीयता भंग करते हुए अपने ही मतदान का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया। इस मामले की शिकायत पीठासीन अधिकारी द्वारा पुलिस से की गई जिसके बाद पुलिस द्वारा घेराबंदी कर उरांवपारा निवासी 26 वर्षीय दिलेश तिग्गा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है जिसके बाद पुलिस ने युवक को धारा 171 (च) व लोक प्रतिनिधि अधिनियम 130 (1) (क) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर भरत लाल साहू, आरक्षक पंकज देवांगन, धनकेश्वर यादव शामिल रहे।

### मतदान कर्मियों ने नाबालिग चोर को किया पुलिस के हवाले, 3 फरार

**रामानुजगंज।** नगर में लगातार चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात भी चोरों द्वारा चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया जा रहा था। गनीमत था कि समय रहते मतदान कर्मी मौके पर पहुंच गए जिससे दुकान में चोरी की घटना टल गई। मतदान कर्मियों ने एक नाबालिग को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया वहीं 3 लोग भागने में सफल हो गए। जानकारी के अनुसार बीती रात मतदान करा कर वापस आ रहे मतदान कर्मी शिक्षक आलोक केसरी, अजीत गुप्ता आशीष गुप्ता एवं पुलिसकर्मी मायापति वाहन से स्टेट बैंक रोड होकर बस स्टैंड जा रहे थे इसी दौरान देर रात मोबाइल दुकान का शटर उठा हुआ दिखा। मतदान कर्मियों दुकान से लगभग 100 मीटर आगे चल गए थे। फिर चोरी करने की आंशका पर गाड़ी मोड़ कर जब दुकान के नजदीक पहुंचे तो दुकान में चोरी करने दाखिल हुए लोग भागने लगे। मध्य रात्रि में ही स्टेट बैंक के रोड के बगल निवासी भाजपा नेता शैलेश गुप्ता एवं आशीष टेलीकॉम के संचालक अमित गुप्ता, लल्लु गुप्ता, रोहित गुप्ता भी मौके पर पहुंच गए थे और देखते-देखते अन्य दुकानदार भी मौके पर पहुंच गए और नाबालिग को पकड़ लिया। जबकि घटना में शामिल तीन लोग भाग निकले।

### मतदान करने जा रहे बाइक सवार युवक को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर

**अंबिकापुर।** बाइक से मतदान करने जा रहे युवक को विपरीत दिशा से आ रहे स्कॉर्पियो चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक घायल हो गया। धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम जोरी निवासी रिकेश कुमार यादव गत दिन बाइक क्रमांक सीजी 15 डीके 0797 से अंबिकापुर से बिरियों होते हुए मतदान करने जोरी जा रहा था। जैसे ही युवक मसगा व अमड़ी के बीच पहुंचा तभी धौरपुर की ओर से आ रहे स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 15 बी 4776 का चालक ग्राम दुंदु निवासी दीपक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक घायल हो गया।

### कुंए में गिरकर महिला की मौत

**अंबिकापुर।** ग्राम सनावल में कुंए में गिरने से महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के सनावल अंतर्गत रहने वाली शगुनी देवी मंगलवार की शाम घर के बाड़ी में मौजूद लगभग 30 फीट गहरे कुंए में गिर गया थी। महिला के गायब होने पर परिजन रातभर उसकी तलाश करते रहे।

## आम पक्षकारों को झेलनी पड़ रही है परेशानी

# ऑनलाइन नहीं मिल रहे मिशल व अधिकार भू-अभिलेख के रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

भुईयां कार्यक्रम अंतर्गत जमीन से संबंधित दस्तावेजों को ऑनलाइन प्रक्रिया शुरु होने के बावजूद आम पक्षकारों को अधिकार अभिलेख सहित जमीन के मिशल ऑनलाइन नहीं मिल रहे हैं। अभी भी पुराने प्रक्रिया के तहत पक्षकारों को ऑफलाइन ही दोनों दस्तावेज उपलब्ध हो रहे हैं। जबकि मिशल रिकार्ड अपडेट करने के साथ लेमिनेशन भी किया गया है।

जमीन दस्तावेजों के ऑनलाइन प्रक्रिया का लाभ अभी भी आम पक्षकारों को नहीं मिल पा रहा है। नक्शा खसरा, पांचसाला एवं अन्य रिकार्ड ऑनलाइन मिल सकते हैं किंतु अधिकारी अभिलेख व मिशल के लिए पक्षकारों को ऑफ लाइन की प्रक्रिया से ही गुजरना पड़ रहा है। इससे पूरी प्रक्रिया में एक एक पखवाड़ा तक आम पक्षकारों को इंतजार करना पड़ रहा है। कलेक्टर में संचालित लोक सेवा केंद्र से भुईयां कार्यक्रम अंतर्गत जमीन संबंधी दस्तावेजों में केवल नक्शा, खसरा की प्रति ही मिल पा रही है। मिशल व अधिक अभिलेख की प्रति लेने के लिए ऑफ लाइन प्रक्रिया के तहत कलेक्ट्रेट के मिशल शाखा में निश्चित शुल्क जमा करने के साथ आवेदन जमा करना पड़ता है। जिससे प्रक्रिया में समय लगने के कारण आम पक्षकारों को दोनों महत्वपूर्ण दस्तावेजों के लिए सप्ताह तक का इंतजार करना पड़ता है। कभी कभी यह अवधि एक पखवाड़े तक भी हो जाती है। अधिवक्ता सुरेश शर्मा ने इस संबंध में बताया कि अभी भी कई दस्तावेजों के ऑन लाइन प्रक्रिया होना बाकी है। अधिकार अभिलेख व मिशल रिकार्ड लोक सेवा केंद्रों से ऑनलाइन नहीं मिल रहे हैं। ऑफ लाइन प्रक्रिया के कारण देर से दस्तावेज मिलने के कारण राजस्व न्यायालय में चल रहे प्रकरणों के निराकरण में समय लग रहा है। जबकि अन्य दस्तावेज ऑन लाइन उपलब्ध हो रहे हैं। ऐसे में इन महत्वपूर्ण दस्तावेजों का ऑन लाइन न मिलना भुईयां कार्यक्रम पर सवाल खड़ा करता है।

# ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को बालको की पहल से मिला उत्कृष्ट कार्य वातावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बालको में फोर्कलिफ्ट ऑपरेटर के रूप में कार्यरत ट्रांसजेंडर कर्मचारी भवानी राठिया कहती है कि टीम प्रयास से ही एल्यूमिनियम उत्पादन होता और मुझे अपने सहयोगियों के साथ उत्पादन में योगदान करने पर गर्व है। भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में 17 ट्रांसजेंडर कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से प्रत्येक अलगाव से पहचान की मजबूत भावना में परिवर्तन की अपनी यात्रा साझा करते हैं। वर्ष 2022 में 7 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को कार्यबल में शामिल कर कंपनी ने अपनी कार्य संस्कृति के समावेशिता को बढ़ावा दिया। कंपनी के इस प्रयास से समाज में उनके पहचान को मजबूती मिली। ये कर्मचारी फोर्कलिफ्ट संचालन, स्टोर प्रबंधन और सुरक्षा गार्डों के पदों पर अपनी भूमिकाएँ निभा रहे हैं तथा कंपनी के महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के तौर पर अपने पहचान को सशक्त किया है।

दीपा को अपनी शुरुआती घबराहट अच्छी तरह याद है जब उन्होंने बालको में सुरक्षा कार्य में काम करना शुरू किया था। हालाँकि अब वो अपनी नौकरी पर गर्व करती है लेकिन चुनौतियों से निपटने और व्यक्तिगत एवं पेशेवर रूप से आगे बढ़ने में मदद करने के लिए वह अपने सहायक प्रबंधक को श्रेय देती है। फोर्कलिफ्ट गैराज की पर्यवेक्षक आकांक्षा सोनी ने बताया कि बालको सभी ट्रांसजेंडर कर्मचारियों के लिए एक अभिभावक रहा है। उन्होंने कहा कि कैसे नौकरी किसी व्यक्ति के आत्मविश्वास को बढ़ाने में मददगार साबित हो सकता है। बालको ने मेरे सपनों को उड़ान देने का कार्य किया है और मुझे मेरी क्षमता का एहसास करने में मदद की है। आज मेरा आत्मविश्वास मुझे फोर्कलिफ्ट गैरेज में एक पर्यवेक्षक के रूप में काम करने के लिए प्रेरित करता है। मैं उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) के उपयोग को बढ़ावा देकर सुरक्षा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करके संयंत्र की सुरक्षा में भी योगदान देती हूं। कंपनी से मिले सम्मान एवं पहचान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आकांक्षा ने कहा कि पहले का उनका डर अब आत्मविश्वास में बदल गया है जो उन्हें समाज में सशक्त बनने में सहायक हुआ है। जेंडर रिफॉर्मेशन नीति के लाभ को लेकर उन्होंने बताया कि लिंग पुनर्मूल्यांकन सर्जरी की योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने में हमें वर्षों लग जाते थे। कंपनी के नीति से एलजीबीटीक्यू प्लस कर्मचारियों को 30 दिनों की सवैतनिक छुट्टी और मुआवजे का लाभ मिला है। कंपनी द्वारा लिंग पुनर्मूल्यांकन सर्जरी के लिए 2 लाख रुपये दिये जा रहे हैं।

# कोरबा-कुसमुंडा मार्ग पर धूल से घुट रहा दम, मार्ग पर चलना हो रहा दुभर


कुसमुण्डा सड़क मार्ग में उठते धूल के गुबार।

**मार्ग पर नहीं है स्ट्रीट लाइट, हादसे का खतरा**

सर्वमंगला चौक से इमलीछापर मार्ग के निर्माणाधीन सड़क पर कहीं भी स्ट्रीट लाइट की सुविधा नहीं है। शाम होते ही मार्ग पर अंधेरा जाता है। इस बीच धूल के गुबार और अंधेरे की वजह से मार्ग वाहन चालकों को सड़क दिखाई नहीं पड़ती। आवाजाही के दौरान लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला चौक से कुसमुंडा के निर्माणाधीन फोरलेन मार्ग पर कोल डस्ट की मोटी परत जम गई है। वाहनों के दबाव से मार्ग पर धूल का गुबार उड़ रहा है। पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। वहीं अन्य वाहन चालकों के आंखों में धूल के कण जाने से वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है। इससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। बावजूद इसके न तो सड़क सफाई हो रही है और ना ही पानी का छिड़काव हो रहा है।एसईसीएल प्रबंधन का ध्यान कोयला लदान पर है। इस कारण निर्माणाधीन कुसमुंडा मार्ग 24 घंटे कोयला लोड भारी वाहनों का दबाव रहता है। सड़क पर गाड़ियां तेज रफ्तार में दौड़ रही है। गाड़ियों को कोल डस्ट सड़क पर गिर रही है। वहीं हाल ही में मुख्य मार्ग के डिवाइडर पर मिट्टी डाला गया है। इसे भी व्यवस्थित नहीं किया गया है। मिट्टी के धूल सड़क पर जम गई है। इस बीच भारी वाहनों के तेज रफ्तार में दौड़ने से धूल के गुबार उड़ रहे हैं। इससे भारी वाहनों के पीछे आ रहे दो पहिया, ऑटो, चार पहिया, बस, सिटी बस सहित अन्य वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है।सबसे अधिक दिक्कतें दो पहिया वाहनों को हो रही है। आंखों पर धूल के कण जाने से परेशानी हो रही है। चौक-चौराहे की जर्जर सड़क और धूल की वजह से कई बार चालक वाहन का नियंत्रण संभाल नहीं पाते। इस कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। बावजूद इसके एसईसीएल प्रबंधन न तो सड़क की सफाई पर ध्यान दे रहे हैं और पानी छिड़काव पर गंभीरता दिखाई जा रही है। इसे लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। जबकि इस मार्ग से बरमपुर, कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, बांकीमोंगरा, हरदीबाजार सहित अन्य उप नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र से लोग देर रात तक आवाजाही करते हैं।

# समर कैंप समापन समारोह का हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



समर कैंप में बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि।

दिल्ली पब्लिक स्कूल एनटीपीसी कोरबा में समर कैंप समापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कैंप 23 अप्रैल को प्रारंभ हुआ था एवं इसमें 250से अधिक छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। कैंप में विद्यार्थियों को क्रिकेट, बास्केटबाल, टेबिल टेनिस, वॉलीबाल, चैस एवं एथेलेटिक्स में कोच शैलेन्द्र सिंह एवं दिव्या सोना द्वारा प्रशिक्षित किया गया। शास्त्रीय गायन, वाद्य यंत्र, विभिन्न रागों एवं विभिन्न शास्त्रीय नृत्य का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को सुधीन दास एवं दीपा तांडिया द्वारा दिया गया। समर कैंप में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने योग शिविर में उत्साह एवं अनुशासन से भाग लिया। समर कैंप को सुचारू रूप से संचालित करने एवं प्रशिक्षण में विद्यालय के अनेक शिक्षक शिक्षिकाओं, कर्मचारियों, कोच तथा अभिभावकों का सतत सहयोग सराहनीय रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शशि शेखर, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन एनटीपीसी कोरबा ने अपने उद्बोधन में समर कैंप को डीपीएस द्वारा एक अभिनव पहल एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास में इसे बहुत उपयोगी बताया। समारोह में डॉ विनोद कोलहाटकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनटीपीसी हास्पिटल कोरबा, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनेक अभिभावकगण एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे एवं कैंप के सफल संचालन पर अपनी प्रसन्नता प्रकट की। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने समर कैंप के दौरान सीखी गई कलाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# गर्मी में शरबत पिलाना व राहगीरों के बारे में सोचना पुण्य का कार्य : दीपक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



शरबत वितरण करते लायंस क्लब के सदस्य।

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन्स क्लब से सम्बंधित संस्था लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा शुरू से ही हर क्षेत्रों में सामाजिक गतिविधिया करते आई है। इसी कड़ी में 7 मई को मतदान दिवस पर चिलचिलाती धूप को देखते हुए नगर के मुख्यमार्ग पर आने जाने वाले राहगीरों के लिए शीतल पेयजल शर्बत का स्टाल लगाया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व जोन चेयरमैन लायन दीपक गर्ग के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ किया गया।

क्लब के सदस्य मुकेश गोयल ने बताया कि क्लब के द्वारा हर वर्ष गर्मी को देखते हुए कटघोरा व छुरी में इस प्रकार के आयोजन किये जाते रहे हैं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक गर्ग ने बताया कि निश्चित ही पानी पिलाना बहुत ही पूण्य का कार्य होता है खास तौर पर इस भीषण गर्मी में आने जाने वाले राहगीरों के लिए पानी के साथ ही शरबत की व्यवस्था ये तो सोने पे सुहागा जैसे कार्य है। हर व्यक्ति को ऐसे नेक कार्य करना चाहिए। साथ ही घर के बाहर जानवरों के लिए व घर के छतों पर पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करनी चाहिए क्योंकि हमारे हिन्दू धर्म मे भी कहा गया है कि प्यासे को पानी पिलाना बहुत ही पूण्य का कार्य होता है। निश्चित ही इसी सोच के साथ क्लब के द्वारा हर वर्ष इस प्रकार के आयोजन किये जाते रहे हैं। इस अवसर पर जोन चेयरमैन घनश्याम शर्मा, क्लब अध्यक्ष अजय धनोंदिया, क्वेस्ट चेयरमैन अजय गर्ग, राकेश गोयल, मुकेश गोयल, शुभम मित्तल, मुकेश गुप्ता, प्रकाश अग्रवाल, जितेंद अग्रवाल, मुकेश मोटवानी, प्रताप वाटवानी, लव मित्तल, अतुल मित्तल, विकेश अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, रविन्द्र अग्रवाल सहित सभी सदस्य व नगरवासी उपस्थित रहे।

# विशाल सूखा आम पेड़ लोगों के लिए बना खतरा, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मुख्य गेट पर लंबे समय से सूखे विशालकाय आम का पेड़ अब लोगों के लिए काफी खतरनाक हो गया है। बड़ी बात यह है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अंदर ही इस सूखे हुए पेड़ के ठीक नीचे छोटे बच्चों का दो शासकीय स्कूल भी संचालित है। जबकि पेड़ के ठीक नीचे मध्यान भोजन भी बच्चों को परोसा जाता है। ऐसे में पेड़ गिरने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गेट के पास लंबे समय से सूखे विशाल आम पेड़ है जिस पर अब तक शासन प्रशासन की नजर नहीं पड़ी जो किसी बड़े हादसों को न्यौता दे सकती है। गर्मी के दिनों में तेज रफ्तार से चलने वाले आंधी तूफान के कारण कई बार तो पेड़ के टहनी टूटकर नीचे गिरी है जिससे तीन फेस विद्युत तार में शार्ट सर्किट होने से कई बार आग की लपटे भी निकलते देखी गई। घटना की सूचना विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित विद्युत विभाग को दी गई परंतु विशाल सूखे पेड़ को हटाने किसी प्रकार की पहल नहीं की गई। जबकि यह जगह भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में एक है। ऐसे में सूखे विशाल आम पेड़ अब लोगों के लिए खतरनाक बन गया है। बड़ी बात यह है की स्कूली बच्चों सहित नगर पंचायत द्वारा बनाए गए पानी टंकी व विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मुख्य गेट पर विशाल काय सूखे हुए पेड़ के गिरने से जान माल की हानि हो सकती है। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमएस ध्रुव ने बताया कि जल्द ही सूखे हुए पेड़ को काटकर व्यवस्थित कराया जाएगा जिससे किसी प्रकार का हादसा न हो।

***अंबिकापुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। गांधीनगर पुलिस के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि प्रतिबंध के बाद भी चुनाव के दिन नमनाकला में एक युवक बाइक से भारी मात्रा में महुआ शराब लेकर ग्राहक की तलाश कर रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राजकुंवर पति स्व. चरण दास जाति पनिका निवासी सिरबिदा तहसील दीपका द्वारा ग्राम सिरबिदा तहसील दीपका में स्थित अपने पति चरण दास एवं ससुर दयादास आ. मोहितदास के नाम पर दर्ज शामिल खाता की भूमि ख.नं. 4/4, 4/7, 6/1, 24, 40/7, 40/10, 40/14, 101/4, 139/4, 162/3, 166/6, 190/8, कुल ख.नं. 12 कुल रकबा 0.853 हे. भूमि के खातेदार चरण दास एवं दयादास की मृत्यु हो जाने से फौती नामांतरण दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 10/05/2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक 23/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

# पांच दिनों से को-ऑपरेटिव बैंक का लिंक फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामचन्द्रपुर

क्षेत्र में एकमात्र जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में पिछले पांच दिनों से किसानों को अपने खाता में जमा राशि को निकालने के लिए लगातार इंतजार करना पड़ रहा है। राशि के इंतजार में पूरे दिन लाइन में खड़े रहने के बाद शाम को उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। लंबे समय तक नगदी संकट से जूझने के बाद पिछले पांच दिनों से बैंक लिंक फेल होने के कारण किसानों को उनके खाते में जमा राशि नहीं मिल रही है। शासन द्वारा किसानों के धान की कीमत उनके खाते में जमा कर दी गई है।

शादी विवाह अन्य आवश्यकताओं के लिए खाते में जमा राशि निकालने हर दिन किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है। कुछ दिनों पूर्व तक पर्याप्त नगदी उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को राशि के लिए बार-बार बैंक का चक्कर लगाना पड़ रहा था। अब बैंक का लिंक फेल होने के कारण किसानों एवं अन्य खाता धारकों को राशि नहीं मिल रही है। पहली बार 3 मई को किसान राशि के लिए बैंक पहुंचे तो कर्मचारियों ने लिंक फेल होने का हवाला देकर इंतजार करने को कहा। शाम तक लिंक बहाल नहीं हुआ तो किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा। पांच दिन का समय गुजरने के बावजूद लिंक में सुधार नहीं हुआ है जिसके कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लिंक कभी भी बहाल होने के आश्वासन पर किसान चिलचिलाती धूप में पूरे दिन लाइन में खड़े होने के बाद शाम में नाराजगी जाहिर कर निराश होकर घर लौट जाते है। इस संबंध में शाखा प्रबंधक विजय श्रीवास्तव ने बताया कि 3 मई से आज तक बैंक का लिंक फेल होने के कारण लेनदेन प्रभावित है। इस संबंध में प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बालको वन परिक्षेत्र...

इस पर अंकुश लगाने वन विभाग की ओर से कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। जंगल में मिट्टी के कटाव को रोकने लिए पौधो की तुलना में बांस अधिक कारगर हैं। साल, चार, कोसम, महुआ जैसे पेड़ों को तैयार होने में दस से बारह वर्ष का समय लग जाता है। बांस की विविध कारीगरी वनांचल क्षेत्र में रहने वाले आदिवासियों के लिए रोजगार का साधन है। पोंगा बांस की तुलना में कटीही बांस से अनाज रखने पात्र, सूपा, मोरवा, ठठरा, गोलर आदि बनाने का काम आता है। बांस शिल्प की कारीगरी के वन विभाग की ओर वनवासियों को सजावट के सामान बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। शहरी क्षेत्र के सीतामणी में बसे बंसोड़ जन जाति के लोगों के लिए कच्चे बांस की आपूर्ति भी हर मौसम में सुलभ होगी।

### आज घोषित होंगे...

और 12वीं के टॉपरों को राज्य सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा। रिजल्ट जारी करने के साथ ही इन दोनों कक्षाओं के टॉपरों के नाम अलग से जारी किए जाएंगे। गौरतलब है कि 10वीं की परीक्षा इस साल 2 मार्च से 21 मार्च तक और 12वीं की परीक्षा 1 मार्च से 23 मार्च तक हुई थी। जिले में हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के बोर्ड परीक्षाओं में 24 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

### निदेशक तकनीक...

मेगा प्रोजेक्ट के दौरे पर पहुंचे। खदान में उतरकर उन्होंने कैट पैच सहित खदान के विभिन्न हिस्सों में जाकर खनन गतिविधियों का जायज़ा लिया। इसके साथ ही उन्होंने इन-पिट कन्वेयर सिस्टम के संचालन का निरीक्षण भी किया। दौरे के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक राजीव सिंह के साथ रहे। इयी तरह दूसरे दिन फ्रैंकलिन जयकुमार बुधवार की तड़के 6 बजे कुसमुंडा खदान में पहुंचे। उन्होने शिफ्ट के समय से शुरुआत का मुआयना किया। साथ ही साथ कोल स्टॉक के रखरखाव का भी जायज़ा लिया। इसके उपरांत जयकुमार द्वारा व्यू पॉइंट में क्षेत्र के अधिकारियों के साथ बैठक कर उत्पादन-उत्पादकता से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की।

## कोरबा मार्केट



8 korba-Bhoomi pg4_Layout 1 5/8/2024 11:34 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### लायंस क्लब ने शीतल पेयजल व चाय-बिस्किट किया वितरित

**कोरबा।** लायंस क्लब्स इंटरनेशनल द्वारा संचालित लायंस क्लब कोरबा ने नगर पालिक निगम कोरबा के तत्वावधान में 7 मई को आईटी कॉलेज परिसर में लोकसभा निर्वाचन 2024 के वोटिंग पश्चात वोटिंग मशीन जमा करने आये सभी व्यक्तियों एवं उपस्थित कर्मचारियों के लिए शुद्ध शीतल पेयजल, चाय व बिस्किट की व्यवस्था किया। शाम 7 से लेकर सुबह 4 बजे तक चले इस कार्यक्रम में सैंकड़ों लाभान्वित हुए। निगम आयुक्त ने स्वयं स्थल का निरीक्षण किया व कार्य की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में सत्येन्द्र वासन, रोहित राजवाड़े, रविशंकर सिंह, दीपक माखीजा, दीपक अग्रवाल, संतोष खरे एवं अन्य लायन सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

### 24 साल बाद बन रहा संयोग, अक्षय तृतीया के दिन विवाह का मुहुर्त नहीं



**कोरबा।** वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया 10 मई को आ रही है। अक्षत तृतीया को अबूझ मुहूर्त कहा जाता है, इस दिन बिना मुहूर्त के भी विवाह की मान्यता है। इस बार अक्षय तृतीया के दिन गुरु व शुक्र का तारा अस्त होने से विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं होंगे। विवाह के शुद्ध व शुभ मुहूर्त के लिए जुलाई तक इंतजार करना होगा। विवाह के लिए गुरु व शुक्र के तारे का उदित होना आवश्यक है। इन दोनों में से किसी एक के भी अस्त रहने पर विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं होते हैं। अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त कहा जाता है, इस दिन बिना मुहूर्त के भी युवक-युवतियों का विवाह कराया जाता है।लेकिन इसके लिए भी गुरु व शुक्र के तारे का उदित होना जरुरी है।बिना पंचांग देखे शुभ कार्य संपन्न किए जाने वाला अबूझ महामुहूर्त अक्षय तृतीया को माना जाता है। लगभग 24 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है, जब अक्षय तृतीया के दिन विवाह का कारक ग्रह माने जाने वाले शुक्र और गुरु तारा अस्त होने से इस दिन विवाह मुहूर्त नहीं है। हालांकि अक्षय तृतीया को महामुहूर्त माने जाने से शुभ संस्कार संपन्न होंगे।

### एसईसीएल में मनाया गया विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस

**कोरबा।** एसईसीएल क्षेत्रीय मुख्यालय कोरबा क्षेत्र में बीते दिनों कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस के अवसर पर डॉ.आरके गुप्ता, महाप्रबंधक (संचालन), एसईसी एल कोरबा क्षेत्र द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराया गया। इसके उपरांत कोल इंडिया के कोरपोरेट गीत का समवेत स्वर में गायन किया गया एवं कोल इंडिया के चेयरमैन का संदेश को सुनाया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी कर्मचारियों को सुरक्षा बैज लगाया गया। महाप्रबंधक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि कोल इंडिया में कोयला उत्पादन का कार्य चुनौती पूर्ण है, जहां प्रति दिन शून्य दुर्घटना का लक्ष्य के साथ उत्पादन करते है सुरक्षा के लिए हमेशा सतर्क रहना पड़ता है। उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है जिससे की प्रत्येक कर्मचारी अपने सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति सजग हो सके। मानिकपुर कोरबा क्षेत्र के कामगारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा कामगारों को जागरूक किया गया।

## ठेका कर्मियों के भरोसे जिले की विद्युत व्यवस्था, अधिकारी नहीं उठाते फोन

# टेक्निकल कर्मी ऑफिस में, उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा हर्जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत वितरण विभाग के ज्यादातर टेक्नीकल कर्मियों को ऑफिस में अटैच कर दिया गया है। जिसकी वजह से मैदानी इलाकों में टेक्नीकल कर्मियों की कमी की समस्या बनी हुई है। कोई भी टेक्नीकल कर्मी फील्ड में नजर नहीं आता केवल चंद ठेका कर्मियों के भरोसे ही वितरण विभाग बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगा हुआ है जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है। छोटी बड़ी किसी भी तरह की तकनीकी खामी आने पर लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इसकी बानगी तब नजर आयी जब मंगलवार को आंधी तूफान की वजह से पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। मैदानी अमले में टेक्नीकल कर्मियों की कमी की वजह से शहर के दर्जन भर से अधिक स्थानों पर रात भर बिजली गुल रही और लोगों को भीषण गर्मी में रतजगा कर रात गुजारना पड़ा।

**खास बात**

- मैदानी अमले की कमी से जूझ रहा वितरण विभाग, लोगों को रतजगा कर गुजारनी पड़ रही रात

आंधी-तूफान के बाद जिले में अधिकतर स्थानों पर विद्युत व्यवस्था चरमरा गई थी। लगभग 24 घंटे तक कई जगहों पर विद्युत आपूर्ति ठप पड़ रही। बुधवार की शाम को भी वितरण विभाग के कार्यालयों में उपभोक्ताओं की भीड़ देखने को मिली। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में विद्युत व्यवस्था का आलम क्या है। टीम व मरम्मत के अभाव में कई स्थानों में अब भी बिजली गुल है जिसकी वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोग हलाकान रहे। मंगलवार की शाम चली तेज आंधी तूफान की वजह से जिले की विद्युत व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। दरअसल आंधी तूफान की वजह से कई स्थानों पर पेड़ व डंगाल टूटने की वजह से केबल क्षतिग्रस्त हो गए थे जिसकी वजह से लगभग पूरा शहर घंटों तक अंधेरे में डूबा रहा। रात होते तक विद्युत वितरण विभाग के सब स्टेशन में शिकायतों का अंबार लग गया। अधिकतर स्थानों पर बिजली गुल व उपभोक्ताओं की शिकायत को देखते हुए विद्युत वितरण विभाग के अधिकारी हरकत में आए और मरम्मत कार्य शुरु किया गया। देर रात तक शहर के पुरानी बस्ती, टीपी नगर, बुधवारी, निहारिका, सीएसईबी कालोनी, आईटीआई, कोसाबाड़ी जैसे प्रमुख स्थानों पर विद्युत आपूर्ति बहाल की गई पर शहर में दर्जन भर से अधिक स्थानों पर बिजली आपूर्ति दुरुस्त नहीं की जा सकी। जिसकी वजह से लोगों को रात भर अंधेरे में गुजारना पड़ा।




सब स्टेशन के बाहर खड़ी विद्युत वितरण विभाग की वाहन।

### कटघोरा में भी बेतहाशा बिजली की कटौती

कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ रही भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप से जहां लोग बेहाल हैं। वहीं बिजली की बेतहाशा कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या लोगों को रूला दे रही है। अंधाधुंध विद्युत कटौती से लोग परेशान हो गए हैं। कटघोरा नगर व आसपास के क्षेत्रों में हो रही बेतहाशा विद्युत कटौती से इस भीषण गर्मी में लोग उबल जा रहे हैं। इतना ही नहीं अगर बिजली आई भी तो वोल्टेज की समस्या। लो-वोल्टेज के कारण कूलर, पंखा भी बेकार साबित हो रहा है। इस भीषण गर्मी में बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। पसीने से तर बतर लोग हाथ में बेना लेकर किसी तरह दिन-रात काट रहे हैं। इस भीषण गर्मी में बिजली न रहने के कारण काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सबसे बड़ी समस्या पेयजल को लेकर हो रही है।

### एक केबल जोड़ने में लगे 22 घंटे



कोसाबाड़ी जोन के पोड़ीबहार में पेड़ गिरने से केबल क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसकी वजह से लगभग 22 घंटे तक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी रही। रात में कई बार की शिकायत के बाद भी विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं की जा सकी। जिसकी वजह से रात भर लोगों को अंधेरे में गुजारना पड़ा। मंगलवार की सुबह जब अधिकारियों का फोन चालू हुआ तब शिकायत के बाद मरम्मत के लिए टीम पहुंची जिसके बाद दोपहर 4 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सकी।

### शिकायत का नहीं होता फायदा

सब स्टेशन कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचने वाले उपभोक्ताओं को जिम्मेदार अधिकारियों के नहीं होने की वजह से निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा था। कार्यालय में केवल ठेका कर्मियों को तैनात कर दिया गया था जिनके द्वारा रजिस्टर में शिकायत दर्ज कर अपने कर्त्तव्यों की इतिश्री कर ली जा रही थी। बिजली गुल से आक्रोशित लोगों का आरोप है कि ठेका कर्मियों द्वारा ना ही अधिकारियों का नंबर दिया जाता है और ना ही फील्ड में तैनात ठेका कर्मियों की। अगर कहीं से नंबर मिल भी जाए तो विभाग के कर्मी फोन उठाना भी लाजमी नहीं समझते।

### फील्ड पर नहीं उतरते टेक्नीकल कर्मी

प्रदेश के अधिकतर जिलों में इमरजेंसी के दौरान बिजली गुल होने पर ऑफिस में कार्यरत टेक्नीकल कर्मियों को फील्ड में उतारा जाता है जिससे जल्द से जल्द विद्युत व्यवस्था बहाल की जा सके। पूरे प्रदेश में इकलौता कोरबा जिला ऐसा है जहां पूरे शहर में अंधेरा छाने के बाद भी टेक्नीकल कर्मी ऑफिस से बाहर नहीं निकलते। केवल ठेका कर्मियों के भरोसे ही विद्युत व्यवस्था सुधार का काम किया जाता है यही वजह है कि छोटी बड़ी किसी भी तरह की तकनीकी खामी आने पर लोगों को घंटों बिजली गुल की समस्या का सामना करना पड़ता है।

### बिजली कटौती से हो रहे बीमार

गर्मी व उमस में बिजली कटौती से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है। इससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। उपभोक्ता झुंझला जा रहे हैं। व्यापारियों का धंधा भी प्रभावित हो रहा है। कार्यालयों में लोग सुस्त हैं। तमाम लोग डायरिया व अन्य बीमारी की गिरफ्त में आ जा रहे हैं। बेतहाशा बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं में उबाल देखा जा रहा है। उपभोक्ताओं का गुस्सा फूटकर किसी भी दिन सड़क पर एक बड़े आंदोलन के रूप में उतर सकता है।

# पीएमजीएसवाई को सौंपेगा पीडब्ल्यूडी अपनी सड़कें


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों में लोक निर्माण विभाग के द्वारा पूर्व में बनाई गई अपनी सड़कों को अब पीएमजीएसवाई को सौंपने की तैयारी कर रहा है। पूर्व में उसके द्वारा 12 सड़कें पीएमजीएसवाई को सौंपी गई है। जिनके मरम्मत का काम पीएमजीएसवाई के द्वारा पूर्व में किया जा चुका है। शेष सड़क मिलने के बाद उनके जीर्णोद्वार का काम विभाग के द्वारा किया जाएगा।

**खास बातें**

- ग्रामीण अंचलों में पूर्व में बनाई गई सड़कों को सौंपने की तैयारी
- पहुंच विहीन क्षेत्रों में पीएमजीएसवाई करेगा सड़कों का निर्माण

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना गठन के पूर्व ग्रामीण अंचलों में सड़कों का निर्माण लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया जाता था, जिसके तहत जिले के कस्बा एवं बड़े ग्राम पंचायतों तक लोक निर्माण विभाग ने सड़कों का निर्माण किए जाने से ग्रामीण अंचलों के निवासियों को एक बड़ी सुविधा मिली थी। कई पहुंचविहिन गांव मुख्य मार्ग से जुड़ गए थे। उसके बावजूद जनजाति क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा था। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क प्रकोष्ठ गठन के बाद ऐसे ग्रामीण अंचलों में सड़कों का निर्माण किया गया जहां लोक निर्माण विभाग ने अपनी सड़के नहीं बनाई थी। लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला मुख्यालय से विकासखंड मुख्यालय को जोड़ने के लिए सबसे पहले सड़के बनाने के बाद ब्लॉक मुख्यालय से बड़े ग्राम पंचायतों को जोड़ने का काम किया गया जिससे आमजनों को पहुंच मार्ग की सुविधा मिल सकी थी। ऐसे सड़कों को अब लोक निर्माण विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क प्रकोष्ठ को सौंपा जा रहा है। पूर्व में 12 सड़कें पीएमजीएसवाय प्रकोष्ठ को सौंपी जा चुकी है। इनके अलावा अन्य सड़कों को भी लोक निर्माण विभाग सौंपने की तैयारी कर रहा है। ऐसी सड़कों का पूर्व में जीर्णोद्वार का कार्य नहीं हो सका था जिससे आवागमन करना ग्रामीणों को कठीन हो गया था। विशेषकर बरसात के दिनों में ऐसी सड़कों से आवागमन पूरा हो जाता था।



### जीर्णोद्वार की बाट जोह रही दो बड़ी सड़कें

विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा की जल्के तनेरा सड़क लोक निर्माण विभाग की पुरानी सड़कों में शामिल हैं। लगभग 12 किमी लंबी यह सड़क मरम्मत की बाट जोह रही थी। विभाग के द्वारा कुछ दूर तक मरम्मत का कार्य कराया गया था। उक्त सड़क को अब पीएमजीएसवाई को सौंपा जाएगा। इनके अलावा कुदमुरा, श्यांग सड़क जो लगभग 35 किमी लंबी सड़क है लोक निर्माण विभाग की पुरानी सड़क होने के बावजूद अभी भी पूरी तरह नहीं बन सकी है। ग्रामीणों की लंबी लड़ाई के बाद कुदमुरा से जिल्गा बरपाली तक सड़क बन सकी है। जिल्गा से श्यांग 12 किमी सड़क निर्माण कार्य अभी भी अधूरा पड़ा हुआ है। वहीं भैसमा, तुमान लोक निर्माण विभाग की सड़क थी जिससे पीएमजीएसवाई के हवाले कर दिया गया है।

### इन क्षेत्रों में बिछा जाल

पीएमजीएसवाई के द्वारा ग्रामीण अंचलों में सड़कों का जाल बिछाया गया है। जिनमें कोरबा विकासखंड जामबहार से देवपहरी तक, इसी तरह झगरहा से कोरकोमा होते कोल्गा मदनपुर, बताती से चचिया तक सड़क निर्माण किया गया है। इसी तरह पाली विकासखंड अंतर्गत घुईचुंआ से बालीउमराव व पहाड़गांव होते हुए जटगा तक सड़क निर्माण किए जाने से जटगा और पाली अंतर्गत आने वाले पहाड़ी क्षेत्र में बसे गांव पहुंच मार्ग में जुड़ चुके हैं।

# आउटसोर्सिंग कंपनियों में नौकरी व मुआवजे की मांग को लेकर भूविस्थापितों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम अमगांव व सुवाभोड़ी के भूविस्थापितों ने मुआवजा व आउटसोर्सिंग कंपनियों में नौकरी की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने कोयला उत्खनन व ओवरबर्डन कार्य में लगे मशीनों को बंद कर दिया और धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। सूचना मिलने पर दीपका प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाइश देने का प्रयास किया। इसके बाद भी ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन जारी रखा जिसके बाद प्रबंधन द्वारा पुलिस बल को बुलाकर आंदोलन को समाप्त करने का प्रयास किया गया लेकिन भूविस्थापितों ने साफ कह दिया कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होंगी हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

**खास बात**

- दीपका खदान के अमगांव व सुवाभोड़ी फेस में किया धरना प्रदर्शन

भूविस्थापितों ने कहा कि ग्राम पंचायत सुवाभोड़ी के मुआवजे को लेकर प्रबंधन अनेक बाधाये उत्पन्न कर रही है जिसके कारण मुआवजा प्राप्त करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है दस्तावेजों को इतनी जटिल कर दिया गया है जिसके कारण मुआवजा राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है इसे सरल किया जाना बहुत जरूरी है पिछले दिनों भूविस्थापितों के प्रतिनिधित्व करने वाले मनीराम भारती का भी मुआवजा संबंधित दस्तावेज पूर्ण करने के बाद भी मुआवजा का भुगतान एसईसीएल दीपका प्रबंधन नहीं कर रहा था जिसके कारण अर्धनंग प्रदर्शन करके मुआवजा का भुगतान करने पर विवश हुआ। दूसरी ओर अमगांव पंचायत के ग्रामीणों ने अमगांव फेस पर सुबह 10 बजे से ही कार्य में लगे मशीनों को बंद कर दिया गया आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार देने के लिए एसईसीएल दीपका प्रबंधन वादा किया था दो माह बीत जाने के बाद भी एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा अमगांव के बेरोजगार नौजवानों को अभी तक आउटसोर्सिंग कंपनियों में नियोजित नहीं कर पाया जिससे नाराज ग्रामीणों ने दीपका कोयला खदान के खनन कार्य में लगे मशीनों को बंद कर दिया। बताना लाजिमी है कि इतनी भीषण गर्मी के बावजूद भी अपनी मुआवजा रोजगार को लेकर सड़कों में संघर्ष करना पड़ रहा है गरीब ग्रामीण किसान करे तो क्या करें अपने परिवार के लिए रोजी-रोटी की उत्तम व्यवस्था एसईसीएल प्रबंधन की जिम्मेदारी है लेकिन अपने जिम्मेदारी को ठीक से नहीं निभा रही है गरीब ग्रामीण किसान को आंदोलन करने पर विवश किया जा रहा है मुआवजा को लेकर दस्तावेजों को जटिल किया गया है इसे सरल किया जाना अति आवश्यक है।



ग्रामीणों को समझाते पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# एटक ने मनाई कार्ल मार्क्स की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन (एटक) कार्यालय मुस्ताक भवन बालको में कार्ल मार्क्स की जयंती मनाया गया। इस परिपेक्ष्य पर एक संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें सभी साथियों ने अपने अपने विचार व्यक्त कीजिए एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन (एटक) के महासचिव ने कार्ल मार्क्स की 206वीं जयंती पर सभी साथियों को बधाई दी। कार्ल मार्क्स जर्मन दार्शनिक और अर्थशास्त्री, इतिहासकार, राजनीतिक सिद्धांतकार, समाजशास्त्री, पत्रकार, राजनीतिक अर्थव्यवस्था के आलोचक, समाजवादी क्रांतिकारी और वैज्ञानिक समाजवाद की प्रणेता थे मार्क्स के राजनीतिक और दार्शनिक विचारों का आर्थिक और राजनीतिक इतिहास पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा। छत्तीसगढ़ राज्य एटक के महासचिव कामरेड हरिनाथ सिंह ने कार्ल मार्क्स की जीवनी पर विस्तार से अपनी बात रखी उन्होंने कहा कि कार्ल मार्क्स का जन्म 5 मई 1818 को जर्मनी के राईन ट्रियर प्रांत के ट्रियर नगर में एक यहूदी परिवार में हुआ था कार्ल मार्क्स ने विधि के अलावा कई क्षेत्रों में शिक्षा प्राप्त की, कार्ल मार्क्स मानते हैं कि मानव समाज वर्ग संघर्ष के माध्यम से विकसित होते हैं उत्पादन के पूंजीवादी मोड में यह शासक वर्गों के उत्पादन के साधनों को नियंत्रित करता है और श्रमिक वर्ग जो अपनी मजदूरी की वापसी के लिए श्रम शक्ति को बेचकर इन साधनों को सक्षम बनाता है के बीच संघर्ष प्रकट होता है। कार्ल मार्क्स ने तर्क दिया कि मजदूर वर्ग को पूंजीवाद को खत्म करने और सामाजिक आर्थिक मुक्ति लाने के लिए संगठित सर्वहारा क्रांतिकारी की कार्यवाही करनी चाहिए, मार्क्स को मानव इतिहास में सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है जिनके काम की प्रशंसा और आलोचना दोनों की गई है कार्ल मार्क्स ने नारा दिया की दुनिया की मजदूर एक हो। कार्यक्रम में राज्य एटक के सचिव कामरेड एम एल रजक, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, मनोज प्रजापति, गुलशन बैक, सुग्रीव यति, वकील राम, रामायण यादव, डी श्रीनिवास, संतोषी बरेठ, रामेश्वर टंडन, बलदेव मिरी, ताराचंद कश्यप, राजू बरेठ, फुलेंदर पासवान, राकेश सिंह एवं अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



जयंती कार्यक्रम अवसर पर उपस्थित श्रमिक नेता व सदस्य।

